Reg. No. :- JH-11-0004329

स्वामित्व : अपेम पेट्रोल टीम

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

A-PEM LIVE NEWS

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 01-10-2021 | अंक 15

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## चुगलामो पंचायत सेवक को एसीबी ने 5000 रूपए घूस लेते हुए किया गिरफ्तार

## पीएम आवास का भुगतान करने के एवज में मांगा था 10 हजार, 5000 में हुआ था तय

### वर्ष 2021 में हजारीबाग एसीबी की यह सातवीं और एक सप्ताह में दूसरी उपलब्धि

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**सुनील कुमार ,अजित कुमार**

हजारीबाग एसीबी की टीम लगातार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मुहिम चला रही है। पिछले एक सप्ताह में अब तक दो भ्रष्ट कर्मियों को सलाखों के पीछे डाल चुकी है। इसी कडी में हजारीबाग एसीबी की टीम ने शुक्रवार को साढे 10 बजे दिन में बरकट्ठा के पंचायत सेवक उदीप नारायण बर्मन को 5000 रूपए घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कियाा । चुगलगामों गांव निवासी अजय कुमार चौधरी से



**ए सी बी के हत्थे चढ़ा पंचायत सेवक उदीप नारायण बर्मन**

पीएम आवास की अग्रिम भुगतान के लिए घूस ले रहा था। बताया गया कि पंचायत सेवक ने 10000 रू0 घूस की मांग की थी। जिसमें 5000 पर तय हुआ था। निर्धारित समय के अनुसार अपने किराए के आवास पर लाभुक को पैसा लेकर बुलाया और जैसे ही घुस का रकम पकड़ा। पूर्व से घात लगाए एसीबी टीम ने उसे धर दबोचा। पैसा पकड़ने के बाद जब पानी में उसके हाथ डलवाए गए तो पानी का रंग गुलाबी होते हीं उसे गिरफ्त में ले लिया गया। बताया गया कि पंचायत सेवक उदीप नारायण वर्मन बरकट्ठा प्रखंड के गैंडा, चुगलगामों एवं बऱकनगांगो पंचायत के अतिरिक्त प्रभार में है। सूचक ने बताया कि कि उसे लंबे समय से पंचायत सेवक उनहे दौड़ा रहा था। बगैर पैसा लिए भुगतान करने से इंकार कर दिया। अंत में इसकी शिकायत एसीबी में की। एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में उसे गिरफ्तार किया। टीम का नेतृत्व एसीबी डीएसपी विजय शंकर कर रहे थे। उनके साथ एसीबी के इंस्पेक्टर सब इंस्पेक्टर और सशस्त्र बल शामिल थे। वर्ष 2021 में एसीबी की यह सातवीं उपलब्धि है। जबकि पिछले 1 सप्ताह के भीतर हजारीबाग जिले में इनकी दूसरी उपलब्धि है। इसके पूर्व एसीबी की टीम ने हजारीबाग जिला डाटा मैनेजर दीवाकर अंबष्ट को 4000 घूस लेते हुए गिरफ्तार किया था। वह गौरियाकरमा के एक नीजि क्लिनीक संचालक कसे रेन्यूअल कराने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। पंचायत सेवक को गिरफ्तार करते ही एसीबी की टीम उसे हजारीबाग मुख्यालय ले आई है जहां विभागीय प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## बीआरसी में अवैध तरीके से संचालित आधार पंजीकरण केंद्र से हो रही है अवैध वसूली, आधार पंजीकरण के नाम पर 100 से 150 तक कि वसूली

### स्कूल में जाकर करना था आधार पंजीकरण, लेकिन बीआरसी में हो रहा है पंजीकरण, दूर दराज से आए लोगो को होती है परेशानी

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**





**बी आर सी बीपीएम अरुण कुमार**

प्रखंड संसाधन केंद्र पर आधार कार्ड बनाने के नाम पर जमकर अवैध वसूली की जा रही है। रुपये न देने पर कर्मचारी आधार कार्ड बनाने से साफ मना कर देते हैं, जिससे आधार कार्ड बनवाने आने वाले लोग वापस लौट जाते हैं। बीआरसी में आधार कार्ड बनने का काम चल रहा है। स्कूलों में बच्चों के प्रवेश से लेकर अन्य कार्यों में आधार कार्डो की अनिवार्यता के कारण ला. `गों को आधार कार्ड बनवाने की मजबूरी है। उसी मजबूरी का फायदा उठाकर आधार कार्ड बनाने में लगे कर्मचारी अपनी जेब भरने में लगे हैं। शासन ने आधार कार्ड निशुल्क बनाने के आदेश दिए हैं। उसके बाद भी आधार कार्ड बनाने के कार्य में लगे कर्मचारियों द्वारा छात्र छात्राओं से लेकर आम लोगों तक से धन उगाही की जा रही है। लोग सुबह से कामकाज छोड़ अपने बच्चों को लेकर बीआरसी पर जमा हो जाते है। अपना नंबर आने का घंटों इंतजार करते है। आपको बता दे कि बीआरसी के बीपीएम अरुण कुमार के द्वारा आधार कार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे है। सभी बच्चो से 100 -150 रुपया आधार कार्ड बनवाने के नाम पर ले रहे है। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों के चक्कर काटने के बाद भी आधार कार्ड नही बन पाता है तथा अ०परेटर द्वारा लोंगो से गलत व्यवहार किया जाता है। इसकी शिकायत अपेम लाइव न्यूज टीम को मिलने पर पत्रकार द्वारा मोबाइल नंबर अपडेट कराने पर चार्ज पूछा गया तो 500 रुपये चार्ज की बात बताई गई साथ ही साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस संबंध में प्रखंड़ शिक्षा प्रसार अधिकारी नागदेव यादव ने बताया कि आधार कार्ड बनाने का निर्देश बीआरसी में दिया ही नही गया है। सभी बच्चो का आधार कार्ड विद्यालयों में लगाकर बनाना है । और किसी भी बच्चो से आधार कार्ड बनवाने के नाम पर किसी तरह का कोई पैसा नही लेना है।इसके बाद भी अवैध वसूली एवं आम आदमी को परेशान करने की छूट आखिर बीपीएम अरुण कुमार को किसने दी है। इस पर सवाल उठना लाजिमी है।

## पदमा में प्रखंड़ स्तरीय फुटबॉल टूर्नामिंट का आयोजन

**अपेम लाइव : पदमा**

**ओम प्रकाश मेहता**



**खिलाड़ियों के साथ थाना प्रभारी वा अन्य**

पदमा प्रखंड अंतर्गत कुटीपीसी पंचायत के स्वामी विवेकानंद खेल मैदान गरवा में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, ओ पी पदमा थाना प्रभारी अजीत कुमार के सौजन्य से आयोजन किया गया । इस मैच का उद्घाटन पदमा थाना प्रभारी अजित कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी 8 पंचायत के खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला सरैया पंचायत बनाम सूरजपुरा के बीच खेला गया, जिसमें सरैया पंचायत की टीम 5/0 से विजेता बनी, मोके पर जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत कुमार सिंह, कुटीपीसी पंचायत की मुखिया कंचन मेहता, बजरंग दल के प्रचार प्रसार प्रमुख निशांत सिंह, जागेश्वर प्रसाद केसरी , किशोरी राणा, मुनेश्वर सिंह ,संतोष साहू, अशोक साहू, शिशुपाल राणा, संदीप मेहता, इत्यादि सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## बरही विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल मरम्मतीकरण कार्य का किया शिलान्यास

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



**मरम्मतीकरण का शिलान्यास करते विधायक वा अन्य**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल का मरम्मतीकरण कार्य का निवेदन समिति के सभापति सह विधायक उमाशंकर अकेला ने शुक्रवार को नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण करते हुए शिलान्यास किया। जिसके बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष इकबाल रजा ने किया। अस्पताल के डीएस ड० एसएसपी सिंह, डॉ प्रकाश ज्ञानी व संवेदक रामचन्द्र यादव ने विधायक उमाशंकर अकेला को बुके देकर स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि अस्पताल लोग तभी आते है जब उन्हें मुशीबत पड़ती है। ऐसी स्थिति में उन्हें अस्पताल से समुचित व्यवस्था मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संवेदक गुणवत्तापूर्ण कार्य करें, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि इसका ध्यान रखेंगे। श्री अकेला ने कहा कि श्रीनगर, पंचमाधव सहित विस्थापित गांवों को मालिकाना हक दिलाना उनकी प्राथमिकता है। राज्य सरकार ने एक समिति का गठन किया है। बहुत जल्द विस्थापित गांव की समस्या समाप्त हो जाएगी। बताते चलें कि 58 लाख 40 हज़ार रुपये की राशि से अस्पताल का रिपेयरिंग, रोड का काम एवं विविध कार्य किया जाएगा। उक्त सभी कार्य जिला परिषद मद से किया जा रहा है। मौके पर डीएस डॉ एसएसपी सिंह, डॉ प्रकाश ज्ञानी, विधायक प्रतिनिधि बिनोद कुमार यादव, कनीय अभियंता ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक अभियंता आशीष आनंद, संवेदक रामचन्द्र यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस जिला सचिव अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष इक़बाल रजा, कांग्रेस ओबीसी के जिला सचिव दीपक गुप्ता, कांग्रेस नेता छठु गोप, बासुदेव यादव, रघुनन्दन यादव, गाजो यादव, विधायक पुत्र रविशंकर अकेला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जैप 7 के जवान का शव पेड़ से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

**अपेम लाइवः पदमा**



**शव को ले जाते जैप के जवान**

पदमा थाना क्षेत्र के केवटा नदी के पास शिवमंदिर के निकट शुक्रवार को पदमा जैप-7 के जवान का शव एक पेड़ से लटका हुआ पुलिस ने बरामद किया। वह देवघर निवासी सुरेश यादव का बेटा घुलटन यादव था। बताया जाता है कि वह भोजन कर कैंप से अपनी बाइक से निकला था। कुछ घंटे के बाद किसी चरवाहे ने उसका शव पेड़ से लटका देख कैंप में सूचना दी। फिर जैप-7 के डीएसपी डीएसपी राजकुमार घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से उतरवाया। अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि जवान की बहाली वर्ष 2017 में हुई थी और एक माह पूर्व जग. आर में तैनात किया गया था। ने मामले की छानबीन की है कि और फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख बिहारी मेडिकल क०लेज

APEM LIVE

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के पूर्व अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया मद्य निषेध सप्ताह

**अपेम लाइव बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



**शपथ ग्रहण करते अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पूर्व अनुमंडलीय अस्पताल में मद्य निषेध सप्ताह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा गांधी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद बारी-बारी से चिकित्सको व अस्पतालक. र्मियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर डीएस ड० एसएसपी सिंह व डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि गांधी जी सत्य अहिंसा के पुजारी थे। वे हमारे देश के गांव को पूर्णतः स्वच्छ और नशामुक्त देखना चाहते थे। अतः हमारा कर्तव्य है कि हम पूर्णतः नशामुक्त रहें। शपथ ग्रहण के दौरान डीएस डॉ एसएसपी सिंह, डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ अमन प्रसाद, डॉ अनुभा कुमारी, डॉ मेराजुल इस्लाम, लिपिक पंकज कुमार आजाद, बीपीएम नारायण राम, विनय सिन्हा, बिजेंद्र कुमार सहित अन्य अस्पताल. कर्मी मौजूद थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## पंचमाधव मे फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन, संजय यादव ने किया उदघाटन

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


मैच का उद्घाटन करते संजय यादव

बरही प्रखंड के कोलंगा पंचमाधव मैदान में महावीर क्लब कोलंगा के द्वारा फुटब०ल मैच आयेजित किया गया। मैच का विधिवत उद्घघाटन बतौर मुख्य अतिथि भावी जीप उम्मीदवार संजय यादव ने किया। उन्होंने कहा कि मैच के दौरान खिलाड़ियों का जोश एवं उत्साह को देखकर मुझे खुशी हुई। मैं सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य हेतु प्रभु से प्रार्थना करता हू। खेल से खिलाड़ियो का शारिरिक एवं मानशिक विकास होता है। खिलाड़ी खेल भावना से खेले तथा खेल के माध्यम से अपना ,अपने परिवार, पंचायत, प्रखंड के नाम रौशन करे। मौके पर संजय यादव, बिपीन पा. सवान, प्रकाश शर्मा, त्रिभुवन कुमार, सतीश कुमार, पंकज कुमार, प्रवीण कुमार, इंद्रदेव कुमार, विजय यादव, राजू यादव, चंद्र यादव, धीरेंद्र यादव, बिपिन बिहारी पांडे, बबलु राणा, चंदन, पिंटू, रवि, मुकेश, नीरज राणा आदि उपस्थित रहे।

## बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री का जामा खान का हुआ भव्य स्वागत

**अपेम लाइवः बरही**


जामा खान का स्वागत करते भाजपाई

बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग कैबिनेट मंत्री मो जामा खान का आगमन शुक्रवार को बरही में हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ होटल श्री परिवार में उनका भव्य स्वागत किया। बरही के भाजपा नेताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। वह धनबाद से बिहार लौटने के दौरान कार्यकर्ताओं से मिलें। मौके पर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, दिनेश सिंह राठौड़, भाजपा नेता मोहम्मद इजहार अंसारी, ओबीसी मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी किशुन यादव, भा. जपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, नीरज ठाकुर, ओबीसी मोर्चा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, गुलाब साव, किशोर राणा, पिंटू यादव, कृ ष्णा साहू, मोहम्मद रुस्तम, मो. हम्मद जियाउल, इंद्रदेव ठाकुर, मो इमरान अंसारी, मो एहसान, मो फरीद, क्यूम अंसारी, राजू, मो कफील, मो मेराज, मो आसिफ, मोहम्मद अकरम उर्फ सोनू, मो. हम्मद इमरोज, मोहम्मद बाबू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वच्छ वातवारण में सकरात्मतक सोच की होती है उत्पतिः अर्जुन साव

### सेवा ही समर्पण कार्यक्रम के तहत बरही में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**अपेम लाइवः बरही**
**बिरेन्द्र कुमार**


स्वच्छता अभियान चलाते भाजपा नेता अर्जुन साव

सेवा ही समर्पण कार्यक्रम के तहत सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव के नेतृत्व में रसोइया धमना एवं बरही में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत रसोइया धमना के बोलिया आहर एवं दुर्गा मंदिर जाने वाली सडक तथा बरही में एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में स्वच. छता अभियान चला कर झाडी को साफ किया गया। इसके साथ ही आस पास के क्षेत्र को साफ सुथरा करते हुए सफाई किया गया। स्वच. छता अभियान के बाबत जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा ही समर्पण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें एक पखवाडा तक अलग अलग क्षेत्र में जन कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसी कडी में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि स्वच्छ वातावरण में सकरात्मक सोच की उत्पति होती है। इसलिए हमेशा लोगों को अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर रखना चाहिए। स्वच्छता अभियान में प्रो बद्री साव, आदित्य साव, भरत साव, बिरेंद्र साव, सुबोध साव, मुरली साव, राजकुमार यादव, गुरूदेव गुप्ता, संजय यादव, अशोक विश्वकर्मा, प्रहालाद प्रसाद, बसंत ठाकुर, पमपम कुमार, मनोज केशरी सहित कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

## सेवा ही समर्पण कार्यक्रम से हो रही है आम जनता को लाभ, रचनात्मक कार्य को दे रहे है बढ़ावाः रमेश ठाकुर

### स्वच्छता अभियान के तहत हुई कोरियाडीह छठ घाट की सफाई

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


छठ घाट की सफाई कराते भाजपाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे सेवा ही समर्पण कार्यक्रम के तहत भाजपा धनवार इकाई की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पूर्व मुखिया धनवार राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने किया। बतौर पर्यवेक्षक भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं प्रमंडलीय प्रभारी किशुन यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अभियान के तहत कोरियाडीह छठ घाट की सफाई की गई। जेसीबी मशीन लगाकर पूरे तालाब घाट में जमा झाड़ी को हटाया गया। बताते चलें कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आह्वान पर 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा सप्ताह पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे सेवा के मुहिम में प्रतिदिन कार्यकर्ता अलग अलग रचनात्मक कार्यों में योगदान देकर सेवा में सलंग्न है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कर्तव्य निष्ठा के साथ छठ घाट पर सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बहुत ही सुव्यवस्थित तरीके से छठ घाट तालाब के मनोरम तट को साफ सुथरा किया। मौके पर भाजपा ओबीसी प्रमंडलीय प्रभारी किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, दामोदर प्रसाद वर्मा, भाजपा धनवार पंचायत अध्यक्ष अजय प्रसाद, नरेश प्रसाद वर्मा, प्रकाश साव, तिलक यादव, अजीत प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, अनिल कुमार, जगदीश महतो, तिलक यादव, दिलीप केशरी, किशोर प्रसाद, विनय कुमार, मोहन प्रसाद, राजेश प्रसाद, बीरेंद्र प्रसाद, गणेश प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, चेतन महतो, रामजी प्रसाद, नागेश्वर प्रसाद, राजू प्रसाद, अजीत कुमार, धनेश्वर प्रसाद, अशोक यादव, उमेश प्रसाद, नन्दलाल प्रसाद, राज. कुमार प्रसाद, बिनोद प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, जगदीश प्रसाद, पप्पू प्रसाद, नरेश राणा, संतोष भुईया, रामदेव सिंह, केसो प्रसाद, दिलीप प्रसाद, शम्भुनाथ महतो, प्रभूनाथ महतो, योगेंद्र साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बरही प्रखंड़ सभागार में ग्रामीणों की आस मनरेगा से विकास कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन

### 15 दिसम्बर तक मनरेगा कार्यो को पूर्ण करने का लक्ष्य

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत सभागार भवन में प्रखंड़ विकास पदाधिकारी सह सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो की अध्यक्षता में मनरेगा के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत उद्घघाटन सँयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि ग्रामीणों की आस मनरेगा से विकास कार्यक्रम के तहत मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे जा रहे कार्य को पूर्ण रूप देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य मनरेगा में नियमित रोजगार उपलब्ध कराना, एससी– एसटी भागीदारी को बढ़ावा देना, ज०ब कार्ड सत्यापन संबंधी कार्यो को देखना, पुरानी लंबित योजनाओं को पूरा करना, मजदूरों की उपस्थिति की देखरेख कर झारखंड में बरही को मन. रेगा के कार्यो में बेहतर बनाना है। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि राज्य के 153 प्रखंड की स्थिति खराब है। मनरेगा योजना में संचलित कार्यो में 153 प्रखंड में बरही का भी नाम हैं।. उन्होंने 15 दिसम्बर को प्रखंड में मनरेगा योजना के अंतर्गत किये जा रहे कार्यो का मूर्त रूप देने का टारगेट भी दिया। साथ ही बीडीओ सह सीओ ने रोजगार सेवक और पंचायत सेवक को फटकार लगाते हुए कार्य मे तेजी लाने को कहा।कार्यशाला में कार्यक्रम के बारे मे पीपीटी के माध्यम से उप. स्थित लोगो को महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यशाला में बीपीएम दीपक कुमार, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विद्यायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, जिला परिषद संतोष रविदास, पंचायत मुखिया में हरेंद्र गोप, प्रति. निधि विष्णुधारी महतो , असलम खान, जेएसएलपीएस के सदस्य, रोज़गार सेवक, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## एक महिना ग्राम भ्रमण के बाद कल गांधी जयंती पर अपना सद्भावना सह स्वभिमान यात्रा का करेंगे समापण

### बरही चौक पर होगा नुक्कड सभा, भ्रमण के दौरान आई समस्याओं का करेंगे खुलासा

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


भुनेश्वर यादव

बरही विधान सभा के जाने माने समाजसेवी भुनेश्वर यादव का सद्भावना सह स्वाभिमान यात्रा का आज गांधी जयंती के अवसर पर समापण होगा। एक माह तक इन्होने बरही, चौपारण, पदमा एवं चंदवारा में भ्रमण कर लगभग 280 गांव के हजारों ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या से अवगत हुए और अब तक निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किए गए विकास कार्य की जानकारी ग्रामीणो से ही ली। जहां उनहे संतोषजनक जबाब नही मिला। ग्राम भ्रमण का अनुभव को साझा करते हुए भुनेश्वर यादव ने कहा कि 30 दिनो के सफर में यह देखा गया कि कई सडक जो बने हुए हैं उनमें काफी अनियमतता बरती गई हैं। सडक की पीच उखड रहे हैं। आ. जादी के सात दशक बाद भी लंबी दूरी के 12 सडके अब तक नही बन पाई। कुछेक छोड पूरे विधान सभा में सिंचाई की व्यवस्था नही है। कोरोना के कारण बेरोजगारी की समस्या गांवों विकराल रूप ले रही है। भ्रमण के दौरान जन प्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश देखा गया। विडम. बना है कि 70 साल बाद भी विस्थापित 56 मौजा के लोगों को मलिकाना हक नही मिला। किसी भी प्रखंड में स्थायी पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था नही हैं इन सब समस्या के समाधान के लिए आम अवाम को आगे आना होगा। उन्होने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर आज 12 बजे से उपवास रखते हुए कार्यक्रम का समापन करेंगे। दो बजे सभा का संबोधन होगा।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## माले नेता शेख तैयब ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश कुमार बर्मन**

विष्णुगढ़ प्रखंड के बुकना में शुक्रवार को 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन माले नेता सह बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने फीता काट कर किया। पिछले तीन दिन पूर्व गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था। ट्रांसफार्मर के जलने से शाम होते हीं गांव में अंधेरा छा जाता था। बिजली के सभी उपकरण समेत अधिकांश बिजली आधारित कामकाज ठप पड़ गए थे। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों ने इस समस्या की जानकारी बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब को दी। मामले पर तुरंत संज्ञान लेते हुए विधायक प्रतिनिधि से विभाग से वार्ता कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। नए ट्रांसफार्मर के लगने से ग्रामीणों में काफी खुशी देखने को मिली। सभी ने माले नेता शेख तैयब का आभार जताया। मौके पर उपमुखिया जलील अंसारी, कयूम अंसारी, रोजन अंसारी, विक्की यादव, धनेश्वर यादव, कलीम अंसारी, मंटू यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



**विष्णुगढ़ के बुकना में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते विधायक प्रतिनिधि**


## दुलमहा में चलाई गई स्वच्छता अभियान

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

भाजपा की ओर से पीएम मोदी के जन्मदिन पर चलाए जा रहे सेवा ही समर्पण के तहत दुलमहा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व बरही पूर्वी मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गिरी ने किया। अभियान के तहत दुलमहा बड़ा आहार की सफाई किया गया। इसमे दुलमहा के युवाओं ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मंडल अध्यक्ष जीतेन्द्र गिरि, सागर कुमार, महेश गिरी, सुनील भुइंया, शंकर भुइंया, संजय भुइंया, सुजीत पंडित, दीपक राम, विनय पंडित, भुनेश्वर भुइंया, राजेश पंडित, संतोष यादव इत्यादि लोगों ने योगदान दिया।


**स्वच्छता अभियान चलाते भाजपाई**

बरही पूर्वी भाग के भावी जिप प्रत्यासी मुनेजा खातून क संकल्पः–

मुनेजा खातुन
जिप सदस्या, बरही पूर्वी

मो क्यूम
जिप प्रतिनिधि

शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, बिजली, पेयजल, पक्की सडक की व्यवस्था हमारी प्राथमिकता।

एक बार पुनः सहयोग की अपेक्षा।

बरही मध्य भाग के भावी जिप प्रत्याशी रामचंद्र यादव का संकल्पः–



शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली, पेयजल, पक्की सडक की व्यवस्था हमारी प्राथमिकता।

एक बार सहयोग की अपेक्षा।

रामचंद्र यादव, भावी जिप प्रत्यासी, बरही मध्य भाग

## ग्रामीणों की आस, मनरेगा से विकास अभियान पर एकदिनी कार्यशाला आयोजित

### मनरेगा में महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश कुमार बर्मन**

विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में शुक्रवार को ग्रामीणों की आस, मनरेगा से विकास अभियान के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, मनरेगा बीपीओ राजेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मनरेगा बीपीओ ने कहा कि मनरेगा के तहत अधिकतम मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अनुसूचित जाति, आदिम जनजाति, दिव्यांग एवं अन्य अभिवंचित वर्गो के अलावा महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। योजना के इस अभियान से श्रमिकों को नियमित रोजगार उपलब्ध हो पाएगा। यह राज्यव्यापी अभियान 22 सितंबर से 15 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। इसमें श्रमिकों के नियोजन के लिए प्रखंड के हरेक पंचायत के टोले में पांच से छह योजनाओं को हमेशा चालू अवस्था में रखना अनिवार्य है। इसके तहत पूर्व से चली आ रही योजनाओं के अलावा छोटी–छोटी योजनाओं को पूर्ण कराना तथा प्रत्येक पंचायत में पर्याप्त योजनाओं की स्वीकृति करना योजना का उद्देश्य है। इसके लिए नियमित ग्रामसभा की जाएगी। शिकायतों का निष्पादन भी स्थानीय स्तर पर किया जाएगा। कहा कि योजना से ज०ब कार्ड निर्गत एवं नवीनीकरण के अलावा जॉब कार्ड का सत्यापन भी किया जाएगा। सामाजिक अंकेक्षण में आए मामलों का निष्पादन एवं वसूली भी किया जाएगा। एनएमएमएस के माध्यम से मजदूरों की उपस्थिति अपलोड़ करना जीआईएस आधारित प्लानिंग की जाएगी। बीडीओ ने कहा कि मनरेगा से जुड़कर श्रमिक स्थानीय स्तर पर अपनी आय में अधिकाधिक वृद्धि कर सकते हैं। मजदूरों को काम के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। मौके पर बेड़ा हरियारा ग्राम प्रधान रामचंद्र यादव समेत जेई, रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।



**प्रखंडस्तरीय मनरेगा कार्यशाला को संबोधित करते बीडीओ**

## मनरेगा में कार्य करने के लिए ग्रामीणों को किया गया प्रेरित

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**
**राजु यादव**

टाटीझरिया प्रखंड के आदिवासी बहुल ग्राम बिशाय मे ग्रामीणों की आस मनरेगा से विकास कार्यक्रम के तहत संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदा. धिकारी शाईनी तिग्गा द्वारा सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी अभियान ग्रामीणों की आस मनरेगा से विकास के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें मनरेगा योजना मे कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राज मोहन वर्मा, रोजगार सेवक नेमचंद कुमार दास, बीएफटी डेगलाल मांझी, ग्रामीण अशोक किस्कू, महादेव मांझी, हरीलाल मुर्मू, सत्या मुर्मू, रामलाल मुर्मू, बड़की देवी, पुष्पा देवी, सविता टुडू व अन्य उपस्थित थे।



## रात से लापता अधेड का शव नाले से हुआ बरामद, क्षेत्र में मची सनसनी

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**
**राजु यादव**

टाटीझरिया थाना क्षेत्र के केसडा गांव निवासी तिलक राम (46 वर्ष) पिता बंशी राम का शव शुक्रवार को गांव के ही नाला (छोटी नदी) से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार वह गुरूवार रात से लापता था। रात में उसके घर नहीं लौटने के बाद परि. जनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया था। शुक्रवार सुबह को जब गांव वालों ने मिलकर ढूंढना शुरू किया तो घर से महज 400 मीटर की दूरी पर केसडा–घुघुलिया के बीच नाले से उसका शव बरामद हुआ। लाश मिलने के बाद घटनास्थल पर काफी लोगों की भीड जमा हो गया। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि तिलक राम झाड़फूंक का काम किया करता था। पडोस के लोग उसे झाड़फूंक कराने के लिए अपने घर ले गए हुए थे। झाडफूंक करने के दौरान शराब के नशे में वह नाले में कुछ प्रवाह करने के लिए गया हुआ था और पानी के तेज प्रवाह में बहने से उसकी मौत हो गई। कुछ लोगों का कहना है कि वह शौच के लिए गया हुआ था। मृतक के चार बेटे और एक बेटी है। सूचना मिलने पर पुलिस केसडा पहुंचकर जांच–पडताल में जुट गई थी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।


**नाले से बरामद शव**

## आफत की बारिशरू कई कच्चे मकान हुए जमींदोज, टाटीझरिया में घर गिरने से घायल हुई महिला

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**
**राजु यादव**

लगातार बारिश ने टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में काफी तबाही मचाई है। इस दौरान दर्जनों लोगों के घरों को क्षति पहुंची है, लोग बेघर हो गए है। लगातार बारिश से गरीबों के कच्चे घर जमींदोज होने लगे हैं। बारिश के दौरान टाटीझरिया के धरमपुर निवासी धानेश्वरी देवी (40 वर्ष) पति बखौरी महली का कच्चा मकान शुक्रवार को ढह गया। घर के दीवार गिरने से धानेश्वरी देवी गंभीर रूप से चोटिल हो गई है। उसके कमर और हाथ में चोट लगी है। जिसे ईलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया। वहीं इसके घर में रखे गृहस्थी का सारा सामान नष्ट हो गया है। तीन दिन से लगातार हो रहे बारिश से कच्चे घरों में रह रहे लोगों पर आफत आ गई है। धरमपुर निवासी महेंद्र महली पिता लाखो महली का मिट्टी का घर अचानक जमींदोज हो गया है। मकान के मलबे में दबने से परिवार की गृहस्थी नष्ट हो गई है। घर गिरने के बाद से परिवार के लोग बेघर हो गए हैं।


**घायल हुई महिला**

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## एचआईवी–एड्स से बचाव एवं रक्तदान के महत्व विषय पर दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

### लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करना हम सबों की है जिम्मेवारी : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**


प्रशिक्षण में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य

झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सभागार में झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वावधान में ट्राई एनजीओ द्वारा पारा लीगल वोलेंटियर्स एवं डालसाकर्मियों को एचआइ.वी–एड्स से बचाव एवं रक्तदान के महत्व विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी व प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान ट्राई संस्था के मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार ने एचआईवी–एड्स से बचाव के लिए विभिन्न उपायों पर विस्तृत चर्चा किया। साथ ही साथ रक्तदान के फायदे के फायदे भी बताए। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से एचआईवी–एड्स रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 2017 के विभिन्न धाराओं को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि एड्स पीड़ित व्यक्ति को कानून के तहत कई अधिकार दिए गए हैं। जिसकी अवहेलना नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने रक्तदान करने के फायदे को ही बताया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी पारा लीगल वोलेंटियर्स एवं डालसाकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने–अपने कार्य स्थलों पर जाकर एचआईवी एड्स एवं रक्तदान से संबंधित लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर अगर कोई व्यक्ति एचआईवी एड्स से पीड़ित है तो उनका उपचार कैसे हो इस बात की जानकारी मुहैया कराना हम सबों की जिम्मेवारी है। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने कहा कि हमें आज एचआईवी से बचने के तरीकों को अपनाकर अपना तथा समाज को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। उसने पारा लीगल वालेंटियर्स को एचआइ.वी पीड़ितों के हित में काम करने तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ने में अपनी भूमिका अदा करने का निर्देश दिया। मौके पर डालसाकर्मी रंजीत कुमार सिंह, राज कुमार रावत, संतोष कुमार, परा लीगल व०लिंटियर अशोक कुमार यादव, सुभाष मिस्त्री, सुब्रता कुमार मुखर्जी, मोनिका कुमारी, नेहा सिन्हा, महेश्वरी प्रसाद कुशवाहा, पांडेय शेखर प्रसाद, राजीव कुमार, कमलेश प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

## विधायक ने किया प्रखंड मुख्यालय का निरीक्षण किया, अंचलाधिकारी बीडीओ को लगाया फटकार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण करते विधायक

बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा को पीएम आवास समेत अन्य योजनाओं में पारदर्शिता से काम करने का निर्दश दिया एवं अंचलाधिकारी श्रीकांत मांझी से मिलकर सैकड़ों रैयतों का दाखिल खारिज रद्द करना, सैकड़ों विद्यार्थियों का जाती, आय, एवं आवासीय प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनना जैसी समस्याओं को लेकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपना काम समय पर पूरा करें या अपना तबादला कहीं और करवा लें। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बरकट्ठा अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है, सारा काम ठप हो गया है। मैं निर्दलीय विधायक भाजपा के द्वारा एक अक्टूबर को प्रस्तावित प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना को समर्थन करता हूं। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

## बरकट्ठा प्रखण्ड मुख्यालय में भारतीय जनता पाटी का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार / मानव**


धरना प्रदर्शन में उपस्थित भाजपाई

बरकट्ठा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व पदाधिकारी कर्मचारियों की ला.परवाही के विरूद्ध में भारतीय जनता पार्टी ने मोर्चा खोला इसी निमित प्रखण्ड कार्यालय के सामने ग्रामीणों के विभिन्न मुद्दों को लेकर जिनमे अंचल में मोटेशन, आय जाति आवासीय प्रमाण पत्रों में विलंब मनरेगा योजनाओं व पीएम आवास में व्याप्त भ्रष्टाचार का जमकर वि.रोध किया गया धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने किया संच.ालन बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ने किया धरना कार्यक्रम को निर्दलीय विधायक अमित यादव ने भी अपना समर्थन दिया उन्होंने प्रखण्ड कार्यालय पहुचकर बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा व सीओ श्रीकांत लाल मांझी से मिलकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निदान करने का निर्देश दिया साथ ही भूअर्जन शिविर में पहुचे पदाधिकारी को एनएच के कार्य मे प्रभावित परिवारों व रैयतों को शीघ्र मुआवजा देने की बात कही धरना कार्यक्रम को केदार साव, सुशील पांडेय, बिंदु सोनी, रघुबीर प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, इंद्रदेव यादव, छोटेलाल मेहता, रामप्रवेश साव, टिंकु प्रसाद, रामचन्द्र चौधरी, रतन पासवान, जागेश्वर प्रसाद, सरयू प्रसाद, रामचन्द्र राम,अरुण साव, अरुण प्रसाद, रामदेव यादव,मो खलील अंसारी, दिनेश मंडल मानवराज सिंह शामिल थे

## चंदवारा प्रखंड मुख्यालय में मनरेगा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



कार्यशाला का उद्घाटन करते अतिथि

चंदवारा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को ग्रामीणों की आस मनरेगा से विकास कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया स कार्यक्रम का उद्घाटन चंदवारा प्रखंड प्रधान लीलावती देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदा.धिकारी ने बताया कि महिलाओं को भी मनरेगा में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ–साथ विकास से अधिक मानव दिवस सृजित कर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने सभी रोजगार सेवकों को योजनाओं को तय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिए। जिससे मनरेगा की योजनाओं की कार्यो में तेजी लाया जा सके। प्रखंड प्रधान लीलावती देवी ने बताया कि चंदवारा प्रखंड के सभी रोजगार सेवक पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए लोगों को मन.रेगा से जोड़ने एवं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में तेज़ी लाए।मौके पर अंचला.धिकारी रामरतन बर्णवाल, आरागारो के प्रधान महेंद्र यादव पंचायत सेवक बद्री रजवार, प्रफुल्ल सिंह, रोजगार सेवक लखन भगत सहित कई लोग मौजूद थे

## विधायक ने क्रिकेट मैच का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**


क्रिकेट मैच का उद्घाटन करते विधायक व अन्य

बरकट्ठा प्रखंड के गैड़ा पंचायत में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव व जीप सदस्य कुमकुम देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व बैटिंग कर किया। उदघाटन मैच चमग.ुदो और बसरामो के टीम के बीच खेला गया। इस अवसर पर विधायक अमित यादव व जीप सदस्य कुमकुम देवी ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय कर उन्हें अच्छे प्रदर्शन और रोमांचक मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दी और खेल को खेल की भावना से खेलने की अपील खिलाड़ियों से किया। मौक पर विधायक ने कहा इस तरह खेल का आयोजन होने से आपसी भाइचारा बढ़ता है। खेल से न केवल मनोरंजन होता है बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। साथ ही खेल हमें अनुशासित होना सीखाता है। खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल के भावना से खेलकर लोगों को आनन्द देते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का भव्य आयोजन होने से ग्रामीण खिलाड़ी का निखाड़ बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होते हैं।मौके पर भोला राम मुकेश राय समेत अन्य आयोजन समिति के लोग उपस्थित थे

### आज का पचिंाड्ग-

आज का अंग्रेजी दिनांक :---02.10.2021
शुभसंवत् :- 2078द्धआनंदक्र
शके: 1943
याम्यायन सौम्यगोलेरू
;तु:---शरद
माह:---अश्विन
पक्ष:---—कृष्ण पक्ष
तिथि:---एकादशी तिथि
दिन:---शनिवार
नक्षत्र:---श्लेषा नक्षत्र
योग:---सिह
करण:---का.
सूर्योदय :---प्रात: 06:06
सूर्यास्त : संध्या 05:54
सूर्य :---कन्या राशि में
चंद्रमा :---कर्क राशि में

आज का राहूकाल दिन:---09:00 बजे से दिनरू---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त:---दोपहर 11रू36 से 12:24 तक
द्धनोटरू---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभि.जीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रा.रंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता हैक्र

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासरू---आज एकादशी का तर्पण व श्राद्ध होगा।



आलेख:---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

अपेम लाइव न्यूज में विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
सोनू पंडित, मो0 9550809864

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गुलाब चक्रवात ने मचाई तबाही, भारी बारिश के कारण मिट्टी का मकान ध्वस्त

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में गुलाब चक्रवात ने तबाही मचाई है। इस दौरान लोगों के मिट्टी का मकान ध्वस्त हो गया। इस क्रम में बरकट्ठा अडवार स्थित कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा के निकट स्थित रेखा देवी के मिट्टी का मकान रात में अचानक गिर गया ।आनन–फानन में वे अपने बच्चों को लेकर बाहर आई। उनका 3 पुत्र और एक लड़की है। उन्हें अब रहने के लिए घर नहीं है। लगातार चौबीस घंटे से हो रही बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया । इस दौरान बिजली सेवा भी बाधित रही । प्रखंड क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया।


बारिश के कारण ध्वस्त मकान

## मनरेगा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### अधिक से अधिक मनरेगा के तहत मिलेगा रोजगार : बीडीओ

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में ग्रामीण की आस मनरेगा से विकास का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में अंचल अधिक. ारी शशिकांत सिंकर उपस्थित हुए। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक का संचालन बीपीओ असिम टोपे ने किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि मनरेगा के तहत लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना एवं ग्राम सभा में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाना। यह कार्यक्रम 4 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक किया जाना है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती को रोजगार दिवस के रूप में प्रत्येक पंचायत आम सभा, ग्राम सभा करते हुए मनाना है। मौके पर सांसद प्रति. निधि सुखदेव यादव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह प्रमुख प्रति. निधि केदार यादव, प्रधान भुनेश्वर दास ,सुभाष ठाकुर, प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, लखन साव, मनरेगा जेई विकास कुमार, अ०परेटर महेश प्रसाद, रोजगार सेवक अफजल अली, सफीउद्दीन, मो अफजल हुसैन, गुलजार आलम, पूरन पासवान केदार प्रजापति, अनुराग कुमार, राजेश कुमार ,बिरसी देवी, उषा देवी, राजकुमार पंडित इत्यादि लोग शामिल हुए।


कार्यशाला में मैजूद अधिकारी एवं अन्य

## मूसलाधार बारिश ने लोगों का आशियाना छीना

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा प्रखंड के ग्राम पंचायत चौबे के लक्ष्मीपुर मो. हल्ला में मूसलाधार बारिश की वजह से किरण देवी पति सुरेंद्र पासवान देवी देवी पति वीरेंद्र पासवान, चौबे मा. हतोडीह मे असगर अली पिता युसूफ अंसारी का कच्चा मकान ढह गया जिससे लोगों को हजारों का नुकसान हुआ है वह लोग को जीवन ज्ञापन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द आवास की गुहार लगाई है।


बारिश के कारण ध्वस्त मकान

## विष्णुगढ़ में चक्रवाती बारिश से फिर दो घर ढ़हे

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार बर्मन**

विष्णुगढ़ में चक्रवाती बारिश गुलाब का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक प्रखंड में आधे दर्जन से अधिक खपरैल के कच्चे मकान ढ़ह चुके हैं। शुक्रवार को भी मड़मो पंचायत के खरकट्टो गांव में हीरालाल साव पिता मेघलाल साव का खपरैल मकान का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया। उसी गांव में शांति देवी पति डेगलाल महतो का खपरैल मकान भी गिर गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त दोनों घरों में परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। घर के ध्वस्त होने से कमरे में रखे कई सामान क्षतिग्रस्त होकर मलबे के नीच दब गए। जिससे काफी नुकसान हुआ है। इसके पूर्व गुरुवार को भी भारी बारिश के बीच मड़मो पंचायत के चटकरी गांव में पारो देवी पति बंधु साव, सारूकुदर पंचायत के फाराचांच में रेव. तलाल महतो, विष्णुगढ़ पंचायत में सरयू ठाकुर, चानो पंचायत के झापाटांड में दर्शन महतो का खपरैल मकान ढ़ह गया था। अब प्रभावित परिवारों को रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है। सभी पीड़ितों ने प्रखंड प्रशासन से पीएम आवास का लाभ अविलंब देने की मांग की है।


बारिश के कारण ध्वस्त मकान

## विधायक ने चलकुशा क्षेत्र का किया भ्रमण

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने चलकुशा प्रखंड के सलैयडीह पंचायत के घौरबंधा,कोलूवाकुदर, एवं विभिन्न गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रकार की लोगों की जन समस्याओं को सुना। मौके पर महेंद्र यादव,बालेश्वर यादव, किशुन यादव, रमा यादव समेत अन्य लोग उप. स्थित थे।


क्षेत्र का भ्रमण करते विधायक
















डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार  सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार  एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति  मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी